**मूल हिंदी में**

**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2198**
**05.08.2024 को उत्तर के लिए**

**गंगा बेसिन राज्यों में वनरोपण**

**2198. श्री उज्जवल रमण सिंह :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि गंगा नदी के संरक्षण के लिए वनरोपण एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है;

(ख) क्या सरकार ने गंगा बेसिन राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड में वनरोपण के लिए वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) देहरादून से डीपीआर तैयार करवाया है; और

(ग) यदि हां, तो इन राज्यों में कितने हेक्टेयर भूमि के लिए डीपीआर तैयार की गई है और उनकी अनुमानित लागत क्या है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) गंगा सहित नदियों के संरक्षण के लिए वन महत्वपूर्ण हैं। वृक्ष आच्छादन प्राकृतिक जलशोषक की तरह काम करती है, जो वर्षा जल को सोखकर उसे जमीन में रिसने देती है, जिससे भूमिगत जल स्तर में वृद्धि होती है। वनावरण मिट्टी के कटाव और नदी में गाद जमने को भी कम करता है क्योंकि पेड़ों की जड़ें मिट्टी को जकड़े रखती हैं, जिससे वह नदी में बहकर नहीं जाती।

(ख) आईसीएफआरई - वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून ने जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय के लिए गंगा नदी पर वानिकी संबंधी कार्यकलापों पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की है, जिसका उद्देश्य पांच राज्यों अर्थात् उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में वन भूमि, कृषि भूमि और शहरी भू-परिदृश्यों पर वनरोपण करना है।

(ग) क्षेत्रफल का विवरण हेक्टेयर (हे.) में तथा अनुमानित लागत (रुपये में) संलग्नक में दिया गया है।

****

**संलग्नक**

**गंगा बेसिन राज्यों में वनरोपण के संबंध में श्री उज्ज्वल रमण सिंह द्वारा दिनांक 05.08.2024 को उत्तर के लिए पूछे गए लोकसभा अतांराकित प्रश्न सं. 2198 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित संलग्नक**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **प्राकृतिक भू-परिदृश्य** | | **कृषि भू-परिदृश्य** | | **शहरी भू-परिदृश्य** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **क्षेत्रफल (हे.)** | **लागत (करोड रूपए में)** | **क्षेत्रफल (हे.)** | **लागत (करोड रूपए में)** | **क्षेत्रफल (हे.)** | **लागत (करोड रूपए में)** |
| 1. | उत्तराखण्ड | 27,303 | 540.82 | 15,180 | 53.13 | 1,406 | 134.24 |
| 2. | उत्तर प्रदेश | 3,182 | 90.13 | 5,354 | 18.72 | 1,660 | 65.12 |
| 3. | बिहार | 4,717 | 207.56 | 20,852 | 72.98 | 98 | 12.06 |
| 4. | झारखण्ड | 816 | 40.20 | 200 | 0.70 | 151 | 9.88 |
| 5. | पश्चिम बंगाल | 19,382 | 201.49 | 4,200 | 14.17 | 3,250 | 127.61 |
| | **कुल** | **55,400** | **1,080.20** | **45,786** | **159.70** | **6,565** | **348.91** |